# निवेश मित्र पोर्टल से बैंकिंग लेनदेन पर नहीं लगेगा शुल्क

## बड़ी राहत : पोर्टल पर भुगतान गेटवे नेटवर्क का किया जा रहा विस्तार, अब 11 बैंक देंगे सेवाएं

अमर उजाला ब्यूरो

लखनऊ। निवेश और व्यापार सुविधाओं को बढ़ाने के लिए प्रदेश सरकार निवेश मित्र पोर्टल के जरिये बड़ी राहत देने जा रही है। अब सभी बैंक जल्द ही निवेश मित्र पोर्टल बैंकिंग गेटवे लेनदेन पर कोई शुल्क नहीं लेंगे। इंवेस्ट यूपी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी अभिषेक प्रकाश ने बताया कि यह सुविधा एक जनवरी से देने की तैयारी है।

बता दें कि भारत के सबसे बड़े सिंगल विंडो पोर्टल में से एक, निवेश मित्र 42 विभागों की 500 से अधिक सेवाएं ऑनलाइन दे रहा है। निवेश मित्र के सुचारू संचालन के लिए नोडल एजेंसी इंवेस्ट यूपी पोर्टल के पेमेंट गेटवे विकल्पों का विस्तार कर रही है। बृहस्पतिवार को आयोजित बैठक में अभिषेक प्रकाश ने बताया कि वर्तमान में आईसीआईसीआई बैंक, पंजाब नेशनल बैंक और एचडीएफसी बैंक पेमेंट गेटवे के रूप में सूचीबद्ध थे।

**निवेश मित्र पोर्टल 42 विभागों की 500 से अधिक सेवाएं ऑनलाइन दे रहा**

ये बैंक डेबिट कार्ड, यूपीआई, इंटरनेट बैंकिंग और क्रेडिट कार्ड से भुगतान का विकल्प दे रहे थे। साथ ही हर लेनदेन पर शुल्क लेते थे। अब इस सूची में एक्सिस बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, एयू बैंक, इंडियन बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा, इंडसइंड बैंक, बैंक ऑफ इंडिया और यूनियन बैंक को भी शामिल कर लिया गया है। इस तरह अब पोर्टल पर कुल 11 बैंक पेमेंट गेटवे की सुविधा देंगे। साथ ही बैंकिंग लेनदेन पर शुल्क भी नहीं लेंगे।

उन्होंने कहा कि 30 नवंबर तक पोर्टल के माध्यम से 2.6 लाख से अधिक लेनदेन किए गए थे। दिसंबर तक ये संख्या तीन लाख से ज्यादा हो जाएगी। निवेश मित्र पोर्टल पर विभिन्न विभागों की सेवाओं के लिए निर्धारित शुल्क ऑनलाइन जमा करने की सुविधा उपलब्ध है।